# औद्योगिक इकाइयों की कार्यशाला आयोजित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**चित्तौड़गढ़.** विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल एवं औद्योगिक जगत में हो रहे नए विकास से अवगत कराने मेवाड़ विश्वविद्यालय छात्रों को पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में देश के विभिन्न राज्यों में स्थित औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए भेजता है।

रोज़गार एवं प्रशिक्षण के विभिन्न अवसर मुहैया करवाने के लिए विश्वविद्यालय में कई कम्पनियों के साक्षात्कार कार्यक्रम भी होते हैं। मंगलवार को सॉफ्ट सॉल्यूशन्स ए चंडीगढ़ की ओर से कार्यशाला आयोजित की।

तकनीकी मूल्यांकन के लिए लिखित परीक्षा ली। इसमें उतीर्ण विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा। निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि कार्यक्रम में बीटेक संकाय के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया एवं उचित प्रशिक्षण एवं रोज़गार से सम्बन्ध में जिज्ञासाओं का समाधान पाया।

# मेवाड़ विवि में तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोज़गार पर कार्यशाला हुई

गंगरार | विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल एवं औद्योगिक जगत में बदलाव बताने के उद्देश्य से मेवाड़ विश्वविद्यालय से छात्रों को अंतिम सेमेस्टर में देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है।

जहां विद्यार्थी प्रशिक्षण काल के दौरान विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के बारे में सीखता है। इसी क्रम में मंगलवार को आल सॉफ्ट सॉल्यूशंस ए चंडीगढ़ की ओर से विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला हुई। निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि कार्यक्रम में बी टेक संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें सॉफ्टवेयर तकनीक से जुडे विभिन्न मॉड्यूल्स जैसे की पायथन, कागनोस, बिग डाटा इत्यादि से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों के तकनीकी मूल्यांकन के लिए लिखित परीक्षा हुई। इसमें उतीर्ण विद्यार्थियों को उक्त संस्थान प्रशिक्षण एवं रोज़गार उपलब्ध कराएगा।

# साफ्टवेयर की तकनीक से कराया अवगत

गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में मंगलवार को आल सॉफ्ट सॉल्यूशन्स , चंडीगढ़ द्वारा विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सॉफ्टवेयर तकनीक से जुड़े विभिन्न मोड्यूल्स पायथन, कागनोस, बिग डाटा इत्यादि की जानकारी दी गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों के तकनिकी मूल्यांकन के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गयी जिसमे उतीर्ण हुए विद्यार्थियों को संस्थान द्वारा प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा निदेशक हरीश गुरनानी ने बताया कि कार्यक्रम में बी. टेक संकाय के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

# मेवाड़ विवि में तकनिकी कार्यशाला आयोजित

**चित्तौड़गढ़।** विद्यार्थियों को तकनिकी कौशल एवं औद्योगिक जगत में हो रहे नित नये विकास से अवगत रखने हेतु मेवाड़ विश्वविद्यालय अपने छात्रों को पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में देश की विभिन्न राज्यों में स्थित बड़ी औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षण हेतु भेजता है। जहा विद्यार्थी प्रशिक्षण काल के दौरान विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों के बारे में सीखता है एवं तत्पश्चात उत्पादन प्रक्रिया में अपना योगदान देने लगता है एवं अपनी इच्छाशक्ति, कार्यकुशलता एवं लगन से वह उस प्रशिक्षण के अवसर को अपने लिए पूर्णकालिक रोजगार में भी बदल सकता है। रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभिन्न अवसर मुहैया करवाने हेतु विश्वविद्यालय में देश की विख्यात कम्पनियो द्वारा साक्षात्कार प्रोग्राम आयोजित किये जाते रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को आल सॉफ्ट सॉल्यूशन्स, चंडीगढ़ द्वारा विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमें उन्हें सॉफ्टवेयर तकनीक से जुड़े विभिन्न मोड्यूल्स जैसे की पायथन, कागनोस, बिग डाटा इत्यादि से अवगत कराया गया।